हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

9 चार गांवों की जमीन खराब कर रहा झाड़ली के बिजली पावर प्लांट से निकलता पानी



10 प्रत्येक नागरिक के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली की वाहक बन रही मोदी की गारंटी वैन



## अभी सैंपलिंग के 60 के करीब मामले कोर्ट में विचाराधीन, गत वर्ष 7 सैंपल पूरी तरह थे फेल

# दिवाली पर चला था मिलावट का बाजार 45 में से 10 खाद्य पदार्थों के सैंपल फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिवाली पर्व पर मिठाइयों की डिमांड सबसे ज्यादा रहती है। डिमांड पूरी करने के लिए ऐन मौके पर डिमांड के अनुरूप मिठाइयों की आपूर्ति मुमकिन नहीं होती है। हर साल दिवाली के मौके पर बढ़ी हुई डिमांड का फायदा उठाने के लिए मिलावटखोर मिठाईंया तैयार रहते हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर साल दिवाली के मौके पर मिठाइयों की सैंपलिंग बड़े पैमाने पर की जाती है।

फूड एंड ड्रग सेफ्टी विभाग की ओर से नवंबर माह में दिवाली से पूर्व खाद्य पदार्थों के 45 के करीब सैंपल लिए गए थे, जिनमें से गुणवत्ता में कमी के कारण 10 सैंपल फेल हो गए है। विभाग की टीम ने पनीर, दही, दूध, छैना, काजू, सॉस, खोया व घी के सैंपल लिए थे, जिनमें पनीर, दूध व दही के सैंपल फेल हो गए है। गत वर्ष विभाग की ओर से लिए गए सैंपलों में से लगभग 171 आंशिक रूप फेल पाए गए थे, जिनमें से सात सैंपल पूरी तरह मिलावट के निकले थे।





रेवाड़ी। मिठाइयों के सैंपल लेते हुए टीम, नागरिक अस्पताल स्थित फूंड एंड ड्रग कंट्रोल कार्यालय। फोटो :हरिभूमि

### यहां खाद्य पदार्थों में मिली गुणवत्ता में कमी

विभाग की ओर से दिवाली पर्व पर हुडा बाइपास स्थित एजी फूड कंपनी में सॉस, सेक्टर-3 स्थित अन्नू मिष्ठान भंडार से दही, अंबेडकर चौक स्थित कालू स्वीट्स से छेना, कुतुबपुर स्थित भूपेंद्र स्वीट्स से काजू व खोया, परदेसी मिष्ठान भंडार से घी व काजू, धारूहेड़ा चुंगी स्थित प्रभात स्वीट्स से पनीर, गढ़ी बोलनी रोड स्थित पूरन डेयरी से दूध व गुड़ियानी स्थित नमो डेयरी से पनीर के सैंपल लिए थे, जिनकी गुणवत्ता में कमी पाई गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से गत वर्ष की गई सैंपलिंग में 7 सैंपल पूरी तरह फेल पाए गए। यह उन खाद्य वस्तुओं के सैंपल थे, जिनके खाने से आदमी बीमार होने से बच नहीं सकता। गत वर्ष मानक पर खरा नहीं उतरने वाली खाद्य वस्तुओं के 61 सैंपल फेल पाए थे। बिना लेबल और मिस ब्रांड के 31 सैंपल फेल पाए गए थे। गत वर्ष के मामलों में कई दुकानदारों के खिलाफ विभाग की ओर से जुर्माने की कार्रवाई की गई, जबकि 87 कोर्ट सीजेएम कोर्ट में दायर किए हुए थे। अभी खाद्य पदाथार्े के 30 मामले सीजेएम कोर्ट व 30 के करीब मामले एडीसी कोर्ट में विचाराधीन है। विभाग की ओर से सैंपलों को 3 श्रेणी में बांटा गया है। इनमें सब स्टैंडर्ड, अनसेफ व लेवल शामिल हैं। सब स्टैंडर्ड यानि गुणवत्ता की कमी पाई जाने पर 5 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाता है। अनसेफ यानि जीवन के लिए हानिकारक पाए जाने पर 6 माह की सजा व 5 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। लेवल यानि किसी ब्रांडेड कंपनी की पैकिंग, न्यूट्रीशियन, डेट एक्सपायरी, लेबल पर कोई भी अनियमितता आदि पाए जाने पर 3 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

### छोटे दुकानदारों पर गिरती बड़ी गाज

सीएम फ्लाइंग की ओर से डीएफएसओ को साथ लेकर दिवाली के सीजन में बड़े स्तर पर जांच शुरू की जाती है। विभाग और फ्लाइंग की यह कार्रवाई अक्सर छोटे दुकानदारों और हलवाइयों तक सीमित रहती है। नामचीन मिठाइयों की दुकानों की ओर दोनों ही नजरें उठाकर इस उम्मीद के साथ नहीं देखते कि उनकी दुकानों पर मिलावट नहीं हो रही होगी। कई छोटे दुकानदार बिना मिलावट किए सैंपलिंग का शिकार बन जाते हैं।

### मिलावटखोरों पर लगातार नजर

*मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सैंपलों में सब स्टैंडर्ड पाए गए खाद्य पदार्थों के नकली होने की भी आशंका है। विभाग की टीम लगातार मिलावटखोरों पर नजर बनाए हुए है। दिवाली पर लिए गए सैंपलों में 10 में गुणवत्ता की कमी पाई गई है।*
*-डॉ. दीपक चौधरी, डीएफएसओ।*

## खबर संक्षेप

### पति के साथ आई महिला स्टेशन से लापता

**रेवाड़ी।** रोहतक के एक गांव से स्टेशन पर पति के साथ आई महिला लापता हो गई। जीआरपी को दर्ज शिकायत में महिला के पति ने बताया कि वह अपनी पत्नी प्रियंका के साथ सजाड़ा धाम जाने के लिए स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान उसे प्लेटफार्म पर नींद आ गई। नींद खुलने पर उसकी पत्नी नहीं मिली। काफी तलाश करने पर उसका कोई पता नहीं चला। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद महिला की तलाश शुरू कर दी।

### ओढ़ी गांव से भैंस व कटिया ले गए चोर

**बावल।** ओढ़ी गांव से चोर एक भैंस व कटिया चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में बालकिशन ने बताया कि वह अपने पशु बांधने के प्लॉट में ही सोया हुआ था। रात को 11 बजे तक उसके पशु बंधे हुए थे। सुबह जब दूध निकालने के लिए वह उठा तो एक भैंस और कटिया गायब मिले। काफी तलाश करने पर भी उनका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मसानी से किशोर हुआ घर से लापता

**रेवाड़ी।** मसानी गांव से करीब 16 वर्षीय किशोर अचानक घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में देवीलाल ने बताया कि उसका बेटा दिपांशु 15 दिसंबर को घर से कहीं चला गया। रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर पता करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। उसने बेटे को गायब करने के लिए गांव के भोलू नामक युवक पर संदेह जताया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद किशोर की तलाश शुरू कर दी।

### कंप्यूटर सेंटर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**धारूहेड़ा।** नंदरामपुर बास रोड पर एक कंप्यूटर सेंटर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दर्ज शिकायत में गुरूग्राम के मऊ निवासी अंकित ने बताया कि वह बाइक लेकर कंप्यूटर सेंटर पर किसी काम से आया था। बाइक को बाहर खड़ी करने के बाद अंदर चला गया। बाहर आने पर उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने पर बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**जाटूसाना।** आईटीबीपी कैंप के निकट कार की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। पुलिस बयान में रोझूवास निवासी पंकज ने बताया कि वह और उसका भाई रितेश जाटूसाना से अपने गांव जा रहे थे। कैंप के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन में चोर एक अस्पताल के बाहर खड़ बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में मुंडनवास कमालपुर निवासी अमित ने बताया कि वह श्री श्याम अस्पताल में नौकरी करता है। घर से वह बाइक लेकर आया था। बाइक अस्पताल के बाहर खड़ी करने के बाद वह अंदर चला गया। शाम को घर जाने के लिए बाहर आया तो उसे बाइक गायब मिली। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### युवकों से मारपीट के दो आरोपी काबू

**कुंड।** बस स्टैंड पर एक दुकान पर बैठे दो युवकों के साथ मारपीट करने के आरोप में थाना खोल पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मनेठी निवासी दुकानदार सनीज की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। सनीज और उसके साथी अनूप के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की थी।

# ताला तोड़कर चोरी के लिए घर में घुसा

## पकड़कर किया पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-4 में मकान का ताला तोड़कर चोरी करने के लिए घुसा एक युवक मकान मालिक के हत्थे चढ़ गया। उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दर्ज शिकायत में दीपक कुमार ने बताया कि उसने कोनसीवास रोड पर किसान वाटिका के पास किरयाने की दुकान की हुई है। दुकान पर उसके साथ उसकी पत्नी थी। शाम के समय जब उसकी पत्नी घर गई, तो उसने फोन पर बताया कि घर का ताला टूटा हुआ है। वह दुकान से सीधा घर पहुंचा। घर में एक शख्स मौजूद था। उसे देखकर वह भागने लगा। उसने पीछा करते हुए उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम नई आबादी निवासी विष्णु बताया। उसने फोन करके पुलिस को मौके पर बुलाया। आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ शुरू कर दी।

# एचसीपीएस में प्रतिभाओं को मिला योग्यता पुरस्कार

- शैक्षणिक और पाठ्यसहगामी गतिविधियों के लिए 864 विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल (एचसीपीएस) में शैक्षणिक प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम से हुआ। समारोह में सत्र 2022-23 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को मेरिट और 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को विशेष योग्यता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दिसंबर माह में स्कूल में आयोजित अतीत से वर्तमान तक प्रदर्शनी में इतिहास कला, विज्ञान, तकनीक और साहित्य पर आधारित सराहनीय अनुकृतियों और परियोजनाओं को तैयार करने वाले छात्रों को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बालभवन में हुई प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा इंटर स्कूल कंपीटीशन के विजेता छात्रों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक और पाठ्यसहगामी गतिविधियों के लिए 864 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशकअनिरुद्ध सचदेवा ने कहा कि पुरस्कार छात्रों को अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की प्रेरणा देते है। इस प्रकार के आयोजन छात्रों की कल्पना शक्ति, रचनात्मकता, कलात्मक अभिरुचि, तर्क क्षमता और सकारात्मक दृष्टिकोण को उजागर करते है। जो उनके भविष्य को उज्जवल बनाने में सहायक होंगे। इस अवसर पर विद्यालय चेयरपर्सन कांता सचदेवा, प्रधानाचार्या विम्मी जॉली, उपप्रधानाचार्या सांची सचदेवा व प्राइमरी इंचार्ज इंदू धमीजा एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।





रेवाड़ी। सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करती छात्राएं, मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते निदेशक व स्टॉफ। फोटो :हरिभूमि

### कार की चपेट में आकर ट्रैक्टर चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरिनगर फ्लाईओवर के पास ट्रैक्टर रोककर लघुशंका के लिए उतरे चालक की कार की चपेट में आने से मौत हो गई।

पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। सोमवार सुबह राजस्थान के घोड़ा का थाना निवासी रामप्रसाद और उसका साला नूंह के मालब निवासी दलीप ट्रैक्टर लेकर सूंदरोज गांव में पशुचारा लाने के लिए जा रहे थे। ट्रैक्टर को रामप्रसाद चला रहा था। हरिनगर फ्लाईओवर पार करने के बाद रामप्रसाद ने लघुशंका के लिए ट्रैक्टर रोक दिया। वह ट्रैक्टर से उतरकर जाने लगा तो एक कार ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में रामप्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# फुटबॉल प्रतियोगिता में रेवाड़ी प्रथम

- युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों के माध्यम से जागरूक कर रही पुलिस
- बावल के गांव आसरा का माजरा में फुटबॉल प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

जिला पुलिस की ओर से गांव आसरा का माजरा में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुलिस की ओर से जिले में हरियाणा उदय मुहिम के तहत नशा विरोधी अभियान चलाया हुआ है, जिसमें खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं व ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ डीएसपी बावल नरेंद्र सांगवान ने किया। कार्यक्रम में एसएचओ बावल लाजपत, एसआई बलजीत सिंह, बीर सिंह सरपंच, पूर्व सरपंच भागमल व मास्टर ओमप्रकाश व अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। फुटबॉल प्रतियोगिता में रेवाड़ी, गांव आसरा का माजरा, बावल, बालावास जाट, खोल, सानोली राजस्थान व गांव सांझरपुर सहित 8 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला गांव आसरा का माजरा व रेवाड़ी की टीम के बीच हुआ, जिसमें रेवाड़ी की टीम ने जीत हासिल की। विजेता टीम को एचएचओ लाजपत ने ट्रॉफी व प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डीएसपी सांगवान ने युवाओं को सरकार की ओर से नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में भाग लेने के लिए जागरूक किया और लोगों से नशा बेचने वालों, नशे का व्यापार करने वालों और किसी भी आपराधिक घटना के बारे में पुलिस को सूचित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवाओं में खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। ऐसे में युवा अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बने। नशे के व्यापार को रोकने ले लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। जिला पुलिस का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना है।



रेवाड़ी। खिलाड़ियों से मिलते डीएसपी व एसएचओ। फोटो :हरिभूमि

### सैनेटरी शोरूम में सेंध लगाकर नकदी व कागजात चोरी

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड पर चोर एक सैनेटरी शोरूम में सेंध लगाकर नकदी व बिजनेस के कागजात चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। शोरूम के मालिक ब्रह्मप्रकाश ने मॉडल टाउन पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि शाम को शोरूम बंद करने के बाद वह घर चला गया था। सुबह जब शोरूम पर पहुंचा तो खिड़की उखड़ी हुई थी। अंदर देखने पर पता चला किया चोर व्यवसाय से संबंधित जरूरी कागजात व काउंटर की दराज से 3 हजार रुपये चोरी कर ले गए। शोरूम में गोशाला के लिए रखे दानपात्र से भी करीब एक हजार रुपये चोरी कर लिए गए। उसकी शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए जांच शुरू कर दी।

- पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की

# छात्राओं ने रंगोली बनाकर मतदान का किया आह्वान

- राष्ट्रीय वोटर दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में सोमवार को जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डा. ज्योति यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रंगोली के माध्यम से मतदान करने के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक डा. राजवीर सिंह व स्वीप गतिविधियों के इंचार्ज नरेंद्र सिंह ने बताया कि 25 जनवरी 2024 को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय वोटर दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की थीम 'मतदान जैसा कुछ नहीं मैं निश्चित रूप से मतदान करता हूं' थी। प्रतियोगिता में बीएएससी थर्ड ईयर से रेणु ने प्रथम, बीए सैकेंड ईयर से एकता ने द्वितीय व बीकॉम सैकेंड ईयर से अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डा. रितु चौधरी, डा. सुचेता कौशिक, डा. मीनाक्षी, डा. रेनू प्रिया व डा. निशा सहित अनेक छात्राएं उपस्थित थी।



रेवाड़ी। छात्रा की ओर से बनाई गई रंगोली। फोटो :हरिभूमि

## पूर्वी हवाओं से बढ़ने लगा ठंड का असर, सप्तांत में हल्की बरसात की संभावना

# सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा सोमवार, तापमान चार डिग्री सेल्सियस लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पहाड़ी इलाकों में शुरू हुई बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में शुरू हो गया है। मौसम साफ रहने के बावजूद पूर्व की ओर से चलने वाली सर्द हवाओं से दिन का तापमान इस सीजन में पहली बार सबसे कम रहा। दोपहर के समय तेज धूप के बावजूद ठंड ने पूरा असर दिखाया। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह आसमान में बदाल छाने शुरू हो जाएंगे। सप्ताह के अंत में हल्की बरसात भी हो सकती है। आधा दिसंबर माह बीतने के बावजूद ठंड पीक पर नहीं आई है। लगभग एक सप्ताह से सुबह से शाम तक तक तेज धूप खिलने के कारण मौसम का मिजाज गर्म बना रहता है। दोपहर के समय शरीर को गर्म कपड़े चुभने लगते हैं। रात को भी भारी ठंड शुरू नहीं हुई है। उत्तरी क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी शुरू होने से ठंडी हवाएं चलनी शुरू हो गई हैं। सोमवार को सुबह से ही मौसम साफ रहा। दिन में लगभग 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं, जिससे दिन का तापमान कम हो गया। इस सीजन में पहली बार अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस पर आया है। तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 7 डिग्री पर पहुंच गया। गत वर्ष 18 दिसंबर को अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री और न्यूनतम 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस बार दिसंबर माह के दूसरे पखवाड़े में भी तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आया है।

मौसम विभाग के अनुसार 20 दिसंबर से मौसम में बदलाव होने की संभावना है।

एक विक्षोभ की सक्रियता के चलते आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं। सप्ताह के अंत में शनिवार को हल्की बरसात भी हो सकती है। ठंडी हवाओं के चलने और मौसम साफ रहने से कोहरे से राहत मिली हुई है।



रेवाड़ी। सोमवार को सुबह के समय छाया हल्का कोहरा। फोटो :हरिभूमि

### हवा से धुल रहा वातावरण का प्रदूषण

मौसम साफ रहने और तेज हवाओं के चलने से प्रदूषण साफ हो रहा है। सोमवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई 156 पर आ गया, जिसे प्रदूषण के लिहाज से काफी सुखद माना जा सकता है। औद्योगिक कस्बा भिवाड़ी का एक्यूआई भी 300 से कम चल रहा है। हवा में नमी का स्तर 50 फीसदी से कम रहने के कारण एक्यूआई में सुधार आ रहा है। अगर आसमान में बादल छाते हैं, तो इससे हवा में नमी का स्तर बढ़ने से एक्यूआई में वृद्धि होगी। इस सप्ताह घना कोहरा जल्द शुरू होने की भी संभावना जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप



### नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर किया मंथन

**रेवाड़ी।** आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर दस दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव ने की। कार्यक्रम में बहुविषयक अन्तःनुशासनात्मक उपागम व बहुभाषा उपागम की शिक्षा व्यवस्था में उपयोगिता पर चर्चा की गई।

### बीस दिन में नाहड़ बीडीपीओ का ट्रांसफर



**नाहड़।** नाहड़ बीडीपीओ निशा तंवर का प्रमोशन होने के साथ स्थानांतरण हो गया है। उन्होंने डिप्टी सीईओ जिला परिषद झज्जर ज्वाइन कर लिया है। निशा तंवर ने बताया कि वह शुक्रवार को रिलीव हो गई हैं। उन्होंने बताया कि उनकों माछरोली के बीडीपीओ का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है। एसईपीओ राजेश कुमार ने बताया कि नाहड़ में बीडीपीओ की पोस्ट वेकेंट हो गई है।

### कोसली विधायक ने शीतकालीन सत्र में उठाया मुद्दा

# चार गांवों की जमीन खराब कर रहा झाड़ली बिजली पावर प्लांट का पानी

**समस्या का समाधान करने के साथ किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की**



रेवाड़ी। सदन में मांग उठाते हुए लक्ष्मण सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में झज्जर जिले के झाड़ली में लगे एनटीपीसी के बिजली पावर प्लांट से कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव लिलोढ़ के किसानों की लगातार खराब हो रही जमीन, सेम की समस्या का समाधान तथा पिछले सात सालों से कंपनी की ओर से खराब जमीन के नहीं दिए जा रहे मुआवजे को दिलाए जाने की मांग की पैरवी की। कोसली विधायक की मांग पर कृषि मंत्री ने पानी के स्थाई समाधान के साथ-साथ जांच कराकर मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

#### प्रभावित किसानों को मिलता था मुआवजा

कोसली विधायक ने बताया कि झज्जर जिले के गांव झाडली में एनटीपीसी का पावर प्लांट लगाया हुआ है। इस बिजली प्लांट के जल रिसाव तथा कोयला-राख धोने के लिए पानी का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह पानी झज्जर जिले के तीन गांवों के साथ-साथ कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव लिलोढ़ के किसानों की जमीन को भी लगातार खराब करता आ रहा है। इस पानी से किसानों की फसल खराब होती रही है। बिजली प्लांट के इसी पानी के चलते पहले इस गांव का जल स्तर जहां पहले 25 फुट पर था, वह अब ऊपर आकर करीब दो फुट तक पहुंच गया है और सेम की समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि इसके उपरांत किसानों के प्रदर्शन तथा उनके द्वारा सरकार के समक्ष मांग रखे जाने के बाद 2012 से लेकर 2016 तक कंपनी की ओर से प्रभावित किसानों को खराब हुई फसल व जमीन का लगातार मुआवजा दिया जाता रहा, लेकिन 2016 के बाद कंपनी की ओर से यह कहते हुए किसानों को मुआवजा बंद कर दिया गया कि रुडकी हाइड्रोलोजी डिपार्टमेंट से जांच कराने के बाद यह पाया गया कि यह पानी उनका नहीं है।

#### कराया जाएगा किसानों की समस्या का समाधान

कोसली विधायक ने सदन में कंपनी की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि लिलोढ़ गांव का जलस्तर 25 फुट से दो फुट कैसे आ गया और अगर यह पानी उनका नहीं है तो 2012 से 2016 तक वह किसानों को मुआवजा क्यों देते रहे है। यह किसानों के साथ सीधा-सीधा धोखा है। कोसली विधायक ने कहा कि सरकार किसानों की सेम की समस्या का समाधान निकाले तथा 2016 से लेकर आज तक का जितना भी मुआवजा बनता है, वह किसानों को दिया जाए। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की जमीन खराब अवश्य हुई है। उसके समाधान के लिए गत दिनों बैठक आयोजित की गई थी तथा कंपनी को भी इस संबंध में लिखा गया है। सेम की समस्या के समाधान के लिए पक्के टैंक में जमा किए पानी को पंप से उठाकर अन्य स्थान पर ले जाकर कृषि के लिए उपयोग में लाया जाएगा तथा पिछले मुआवजे को लेकर जांच कराने के बाद किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा।

## कृषि अधिकारी कार्यालय में दो दिन सांकेतिक धरना देगी चढ़ूनी यूनियन



रेवाड़ी। किसान भवन में नारेबाजी करते यूनियन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की ओर से सोमवार को नई अनाजमंडी स्थित किसान भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नील मिस्त्री घासेड़ा ने की। मीटिंग में ओलावृष्टि से खराब फसलों को लेकर चर्चा की गई। यूनियन प्रधान समय सिंह ने कहा कि जिले के किसानों को बरसात व ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों को लेकर न के बराबर मुआवजा दिया गया है, जिससे किसानों के साथ यूनियन में काफी रोष है। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की ओर से दो दिन का सांकेतिक धरना देकर बड़ा फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में बीजेपी को नेतृत्व बहुत ही कमजोर है, जिसके कारण किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। 21 व 22 दिसंबर को कृषि अधिकारी कार्यालय मॉडल टाउन में यूनियन की ओर से दो दिन का सांकेतिक धरना दिया जाएगा। इस अवसर पर यूनियन कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया, जिसमें वेद फोगाट को जिले का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस मौके पर उप प्रधान जगदीश बावल, लक्ष्मी लिसाना, सुभाष चंद्र नंबरदार, शीशराम गोकलपुर, रोशनलाल गुलाबपुरा, राजकुमार एससी सेल, ओपी यादव, श्यामसुंदर थानेदार टींट, सुजान सिंह टींट, राज सिंह ढिल्लों, जगदीश गुर्जर, लाल सिंह टींट, भोम सिंह ड्योढई, मुन्नी बूढ़पुर, वेद प्रकाश हवलदार, लोकेश व पवन ढाणी सुठानी सहित अनेक किसान नेता मौजूद थे।

- मीटिंग में ओलावृष्टि से खराब फसलों को लेकर चर्चा की गई

## सत्ता परिवर्तन को तैयार अहीरवाल की जनताः अनुराग

- आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा पहुंची रेवाड़ी, भाजपा सरकार पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने जमकर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनुराग ढांडा। फोटो : हरिभूमि

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने बदलाव यात्रा के चौथे दिन यहां रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण अहीरवाल की जनता भी प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है। अहीरवाल की जनता ने आप की बदलाव यात्रा को भरपूर समर्थन दिया है। ढांडा ने कहा कि सीएम मनोहरलाल हरियाणा के 10 हजार युवाओं को रोजगार के लिए इजराइल भेजने की बात कर रहे हैं। इन युवाओं को इजराइल भेजकर सरकार उन्हें हमास के साथ चल रहे युद्ध में झोंकना चाहती है। यह सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार मुहैया कराने में फेल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में 2 लाख से अधिक पद खाली हैं, लेकिन इन दों पर भर्ती करने से बच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि एम्स के नाम पर अहीरवाल की जनता को गुमराह करने का काम किया जा रहा है।

#### वादों पर खरा नहीं उतरी सरकार

आप नेता ने कहा कि भाजपा सरकार अरविंद केजरीवाल की नकल करके गारंटी देने में लगी है। वो गारंटी कितनी पूरी होगी ये समय बताएगा, लेकिन इतिहास बताता है कि न 15 लाख रुपए देने का वादा, न दो करोड़ रोजगार का वादा पूरा हुआ और न बाकी सब वादे पूरे हुए है। उन्होंने कहा भाजपा कहती थी कि राजस्थान में 450 रुपए में सिलेंडर देगी। अब राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद लोग इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया 9 साल से मनोहर सरकार लोगों को सस्ता गैस सिलेंडर मुहैया क्यों नहीं करा पाई।

#### दो परिवार और दो पार्टी के बीच फंसे लोग

अनुराग ढांडा ने कहा कि दक्षिण हरियाणा की पूरी राजनीति दो परिवारों और दो पार्टियों के बीच पिसकर रह गई है। अब लोग इस चंगुल से बाहर आना चाहते हैं और बदलाव का रास्ता चुनना चाहते हैं। इसलिए आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा का पूरा जन समर्थन मिल रहा है। उन्होंने संसद भवन पर हमले को लेकर कहा कि जब-जब संसद पर हमला हुआ तो केंद्र भाजपा की सरकार रही।

इस दौरान उनके साथ डॉ. मनीष यादव, कुलदीप यादव, मदन सिंह, मुकेश, धीरज यादव, नरेश बागड़ी, डॉ. सारिका, प्रियदर्शिनी सिंह और विनोद यादव मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि बदलाव यात्रा 19 दिसंबर को किलोई सांपला और रोहतक तथा 20 दिसंबर को कलानौर और महम में पहुंचेगी।

## कार्यशाला में किसानों को एग्रोनेट सेवा की दी जानकारी

**नाहड़।** गांव नाहड़ में सोमवार को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा विश्व परिवार फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किसानों के लिए 'एग्रोनेट सेवा एक कृषक मित्र' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पार्षद शारदा यादव ने की। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में समाज कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव डा. नवीन शाह, कृषि विज्ञान केन्द्र महेन्द्रगढ़ के वरिष्ठ संयोजक डा. रमेश कुमार, इंजीनियर दीपक केसरी व डा समारिका कुमारी उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि मौसम निश्चित रूप से फसलों की सफलता या विफलता का निर्धारण करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक है। किसी भी फसल की सिंचाई, बुआई, खेतों में उर्वरक डालना, कटाई व भंडारण की योजना बनाने में मौसम का सही पूर्वानुमान अत्यंत आवश्यक है। जिला पार्षद शारदा यादव ने किसानों को केंद्र व हरियाणा सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक नरेन्द्र सिंह, डा. राजपाल यादव व डा. आशीष श्योराण ने प्राकृतिक खेती, एकीकृत पोषण प्रबंधन तथा एकीकृत कीट प्रबंधन की जानकारी दी।



## न्यूज डायरी

### फ्री चिकित्सा शिविर में लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच



**रेवाड़ी।** निःशुल्क सेवा मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय सैनी समाज मार्गदर्शन एवं एकता संघ एवं टांका हेल्थकेयर की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में कमर दर्द, जोड़ो के दर्द व आंखो के रोगियों की जांच की गई। शिविर की अध्यक्षता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कंवर सिंह सैनी ने की। सामुदायिक भवन मुक्तिवाड़ा में आयोजित शिविर में डॉ. आशीष डागर ऑर्थो विशेषज्ञ, डॉ. लोकेश शर्मा, डॉ रोबिंस कुमार, डॉ प्रीत माथुर, डॉ प्रशांत मौर्य, डॉ बलजीत सभरवाल, डॉ राकेश, डॉ इसरान व डॉ विशाल ने मरीजों की हड्डियों, आंखों, शुगर व बीपी की जांच करके फ्री दवाईयां वितरित की। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष सुनील सैनी ने डॉक्टरों व अतिथियों को समृति चिह वितरित किए।

### अकादमिक उपलब्धियां पाने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में रोड शो



**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल में अकादमिक उपलब्धियों, उल्लेखनीय परिणामों और ऐतिहासिक चयनों को प्रदर्शित करते हुए ग्रैंड रोड शो का आयोजन किया। रैली में स्कूल के दसवीं से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्रों ने स्कूल के नव चयनित लेफ्टिनेंट अंकित यादव, आईआईटियंस अनुष्का, हर्ष और नितिन को शिक्षा जगत में अपनी पहचान बनाने के लिए बधाई दी। स्कूल चेयरमैन राजेंद्र सैनी, निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी और हेमंत सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रैली का आगाज किया। रैली सरकुलर रोड से होती हुई धारूहेड़ा चौक, झज्जर चौक, ब्रास मार्केट व सेक्टर 4 से होकर स्कूल प्रांगण तक पहुंची। स्कूल चेयरमैन ने सभी अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी को भविष्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। रोड शो में स्कूल कोऑर्डिनेटर्स सुमित, मनीष व पीआरओ रिया सहित सभी शिक्षक व विद्यार्थी शामिल थे।

### न्यू इरा स्कूल के छात्रों का राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में स्पर्धा में चयन



**कुंड।** न्यू इरा स्कूल कुंड के 4 छात्रों का बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता करनाल में आयोजित हुई थी, जिसमें 81 टीमों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में न्यू इरा स्कूल की छात्रा जया मनेठी व अर्चना नांगल की टीम ने सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में पीयूष हुडिया व योगेश खोरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह छात्र राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अब हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्कूल चेयरमैन मास्टर नरेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी छात्रों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर समस्त शिक्षक स्टॉफ मौजूद था।

### स्कूल में नए एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक का उद्घाटन



**रेवाड़ी।** ऋषि पब्लिक स्कूल जोनावास में सोमवार को चेयरमैन राधेश चंद्रपाल तथा निदेशिका मधुबाला ने नवनिर्मित एडमिनीस्ट्रेशन ब्लॉक का उद्घाटन किया। चेयरमैन ने बताया की स्कूल को 20 वर्ष पूरे हो चुके है। निदेशिका ने स्कूल स्टॉफ की मीटिंग ली। बच्चों को वर्ष 2024 के कैलेंडर वितरित किए गए। इस मौके पर प्राचार्या सावित्री यादव रेवाड़ी ब्रांच, प्राचार्या विधुपाल गुरुग्राम ब्रांच व निदेशक विभु पाल सहित समस्त स्कूल स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## स्कूल में कुपोषण और स्वच्छता पर सेमिनार




**बावल।** केरी इनग्रेडिएंट्स इंडिया कंपनी की ओर से सीएसआर गतिविधि के तहत विद्यालयों में महावारी स्वच्छता अभियान एवं कुपोषण विषय पर सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को राजकीय उच्च विद्यालय व प्राइमरी स्कूल बावल के विद्यार्थियों के साथ इन विषयों पर चर्चा की गई। कंपनी के एचआर विभाग से वैंकटेश व उनकी टीम ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर संस्था के साथ आई टीम में डॉ कमलेश, एएनएम दीपिका व काउंसलर नमिता ने किशोरियों को माहवारी प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी। संस्था की प्रधान सलोनी सिंगला ने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले मानसिक व शारीरिक बदलाव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कंपनी के फैक्ट्री मैनेजर अमित यादव, एचआर हेड राज चौधरी और विद्यालय के प्रधानाचार्य का आभार व्यक्त किया।

## 22 व 23 दिसंबर को सजेगा गीतापुरम का मंच

- एडीसी ने गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



मॉडल टाउन स्थित बाल भवन परिसर में 22 व 23 दिसंबर को जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन गरिमामयी व भव्य रूप से किया जाएगा। महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन के विभाग तैयारियों में जुटे हुए हैं। गीता जयंती महोत्सव के आयोजन को लेकर एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक में समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध व व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गीता महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए सामाजिक व धार्मिक संगठनों का भी सहयोग लिया गया है। गीता महोत्सव में जिले के विभिन्न विद्यालयों और विभागों की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी।

#### मृदुल आश्रय संस्था करेंगी फूलों की पौध का वितरण

गीता जयंती महोत्सव में पर्यावरण व सौंदर्यकरण को समर्पित संस्था मृदुल आश्रय आमजन को विभिन्न किस्मों के फूलों की पौध निःशुल्क वितरित करेगी। संस्था की ओर से जिले के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों, कॉलेज, मीरपुर विश्वविद्यालय, सरकारी कार्यालय, आरडब्ल्यूए, रिहायशी इलाकों, सोसायटी एवं उद्यानों का सौन्दर्यीकरण भी किया जाएगा। बैठक में डीडीपीओ, डीआईओ नसीब सिंह, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, प्रवक्ता ज्योत्सना यादव व सतीश मस्तान सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**जल ही जीवन है इसे बचाएं**

**मार्केट कमेटी, कोसली (रेवाड़ी)**

**नोटिस**

नई अनाज मण्डी कोसली की दुकान नं. 6 व 52 साईज 6×40 मीटर मार्केट कमेटी कोसली के रि-अलाटमैन्ट नं.477 व 478 दिनांक. 10.06.2020 के अन्तर्गत कृष्ण कुमार व पवन कुमार पुत्रान श्री शिवनारायण (1/4. भाग प्रत्येक), प्रदीप कुमार पुत्र श्री सोमदत्त (1/4 भाग) व श्रीमती गुड्डी पत्नी वंशिका-मोनिका पुत्रीयान, सौरभ पुत्र स्व. श्री मनोज कुमार पुत्र श्री सोमदत्त निवासीयान कंवाली के नाम से चली आ रही हैं। अब श्री कृष्ण कुमार का स्वर्गवास दिनांक 25.04.2021 को हो चुका है व उनके वारिसानों मंजू गर्ग पत्नी देवेश गर्ग पुत्र व भारती पुत्री स्व. श्री कृष्ण कुमार निवासीयान नांगलोई (प. दिल्ली) ने उक्त दुकानों में से अपने पति/पिता स्व. श्री कृष्ण कुमार का हिस्सा अपने नाम तबदील कराने बाबत आवश्यक दस्तावेजों सहित मार्केट कमेटी कार्यालय में आवेदन किया है।

एतदद्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वारिसानों के अतिरिक्त यदि कोई वारिसान हैं या उपरोक्त दुकानों के लिये अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो इसका लिखित एतराज सभी साक्ष्य सहित अखबार के नोटिस की प्रकाशित होने की खबर के तीस दिन के अन्दर-अन्दर अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख प्रस्तुत करें अन्यथा दुकान नं.6 व 52 साईज 6×40 मीटर में से स्व. श्री कृष्ण कुमार के हिस्से की मलकीयत उनके वारिसानों मंजू गर्ग पत्नी, देवेश गर्ग पुत्र व भारती पुत्री स्व. श्री कृष्ण कुमार निवासीयान नांगलोई (प. दिल्ली) के नाम तबदील कर दी जायेगी।

हस्ता/-
सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी
मार्केट कमेटी, कोसली

### शिलान्यास पर टिक चुकी कई दिग्गजों की निगाहें, राव की भूमिका पर रहेगी खास नजर

# एम्स का शिलान्यास भाजपा की 'तुरप का इक्का', अहीरवाल की राजनीति पर डालेगा प्रभाव

नरेन्द्र वत्स ▸▸ रेवाड़ी



सीएम मनोहरलाल। डा. बनवारीलाल। राव इंद्रजीत सिंह।

माजरा में प्रस्तावित एम्स का शिलान्यास होने में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। एम्स का शिलान्यास समूचे दक्षिणी हरियाणा में भाजपा का ग्राफ बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। शिलान्यास के मौके पर क्षेत्र के दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को कितनी तव्वजो मिलती है, यह देखने लायक होगा। पार्टी के पुराने वफादारों को भी शिलान्यास के अवसर पर पार्टी से महत्व मिलने का इंतजार रहेगा। आगामी लोकसभा चुनावों में दक्षिणी हरियाणा में भाजपा को एम्स की शिलान्यास बड़ा राजनीतिक लाभ पहुंचाने का काम कर सकता है। दक्षिणी हरियाणा में एम्स की घोषणा खुद सीएम मनोहरलाल ने की थी। इसके बाद एम्स संघर्ष समिति ने इस घोषणा का सिरे चढ़वाने के लिए लंबा आंदोलन किया था। इस आंदोलन के चलते ही केंद्र सरकार ने सीएम की घोषणा को सिरे चढ़ाने के लिए स्वीकृति प्रदान की थी। प्रदेश सरकार में पावरफुल मंत्री डा. बनवारीलाल ने प्रदेश स्तर की औपचारिकताओं को पूरा कराने के लिए पूरी ताकत लगाई। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी एम्स संघर्ष समिति के आंदोलन के बाद इसके जल्द निर्माण को लेकर एक्टिव नजर आए। खुद पीएम मोदी की ओर से मनेठी एम्स को स्वीकृति प्रदान करने और अंतरिम बजट को स्वीकृति मिलने के बाद राव ने एम्स का क्रेडिट लेने के लिए खुद को पूरी तरह एक्टिव कर लिया था।

मनेठी में एम्स की संभावनाओं पर पानी फिरने के बाद जिला प्रशासन की ओर से मसानी बैराज और बावल के पास जमीनों की तलाश शुरू की, तो माजरों के किसान जमीन देने के लिए आगे आए। जमीन की कीमत को लेकर सरकार और किसानों के बीच मतभेद बने, तो राव ने एक बार फिर सक्रियता दिखाई। कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल ने सरकार और किसानों के बीच कड़ी का कार्य करते हुए राव के राजनीतिक सलाहकार के साथ 'बीच का रास्ता' निकलवाने में बड़ी भूमिका अदा की।

डा. बनवारीलाल ने एम्स का जल्द शिलान्यास कराने के लिए मंख्यमंत्री मनोहरलाल के माध्यम से केंद्र सरकार से सामंजस्य बनाने का काम किया। अब देखना यह होगा एम्स के शिलान्यास के मौके पर सरकार और पार्टी किस नेता को कितना महत्व देती है।

#### राव कर चुके दो बार शिलान्यास के प्रयास

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह एम्स का शिलान्यास पीएम मोदी के हाथों से कराने के लिए दो बार प्रयास कर चुके हैं। एक बार उन्होंने 23 सितंबर को शिलान्यास कराने के लिए पीएम को आमंत्रित किया था। प्रशासनिक अधिकारियों ने सितंबर के शुरू में ही तैयारियां भी तेज कर दी थीं, परंतु पीएमओ की ओर से कार्यक्रम फाइनल नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने 16 नवंबर को शिलान्यास कराने के प्रयास किए, परंतु इस पर भी पीएमओ की ओर से प्रोग्राम फाइनल नहीं किया गया। अब राव ने एम्स के शिलान्यास को लेकर पूरी तरह चुप्पी साधी हुई है।

#### प्रदेश सरकार का ही रहेगा संयोजन

ऐसा माना जा रहा है कि एम्स का क्रेडिट केंद्र की ओर से पूरी तरह प्रदेश सरकार को दिया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन भी प्रदेश सरकार और सीएम मनोहरलाल की अगुवाई में होगा। इस कार्यक्रम में भाजपा के उन वरिष्ठ व दिग्गज नेताओं को महत्व दिया जा सकता है, जिन्हें राव इंद्रजीत सिंह विरोधी खेमे से जोड़कर देखा जाता है। एम्स के शिलान्यास को लेकर राजनीति भी गर्माने लगी है। विधानसभा में मामला उठ चुका है। विपक्षी दलों ने भी सरकार को घेरना शुरू कर दिया है, इसलिए शिलान्यास में देरी करना अब आसान नहीं होगा। डेट फाइनल होते ही राजनीतिक सरगर्मियां भी तेज हो जाएंगी।

## खबर संक्षेप

### नकली शराब मामले में एक और गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने गत सप्ताह नकली शराब बनाने व इसकी बिक्री करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक टाटा गाड़ी को काबू करते हुए 6 लोगों को नकली शराब बनाने और ठेकों पर सप्लाई करने के आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में शराब और अन्य सामान बरामद किया था। पुलिस ने गुरूग्राम के बसई में रहने वाले मुकेश कुमार को भी गिरफ्तार किया है।

### सड़क हादसों के दो आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना पुलिस ने 12 दिसंबर को हुए सड़क हादसे के आरोपी भिवाड़ी के फूलबाग निवासी जगतसिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने धारूहेड़ा निवासी संजय पांडेय को 5 दिसंबर को हुए सड़क हादसे में गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### अवैध शराब के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** थाना नांगल चौधरी पुलिस नांगल चौधरी-निजामपुर रोड पर लुजोता के पास से गुप्त सूचना के आधार पर इको गाड़ी से अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने गाड़ी से चार बोतल बियर, पांच बोतल अंग्रेजी शराब व 24 बोतल देसी शराब की बरामद कर दो आरोपित प्रवीण वासी गावड़ी जाट व देवीलाल वासी सरेली को गिरफ्तार किया है।

### एथलेटिक्स खेलों में लहराया परचम

**महेंद्रगढ़।** जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप हरियाणा द्वारा खेलों का आयोजन कोका गांव में करवाया गया। मीडिया प्रभारी संजय शास्त्री ने बताया कि गैलेक्सी स्कूल के कोच रामकिशन द्वारा बच्चों की तैयारी करवाई गई, जिसमें अंडर-14 में देवना ने 600 मीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसी प्रकार अंडर-17 में देव ने 60 मीटर रेस में प्रथम व ऊंची कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में एलुमिनी मीट आयोजित

**नारनौल।** जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में गतदिवस एलुमिनी मीट 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप प्राचार्य प्रताप सिंह थे। इसमें 60 पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है।

## सोमवार को आठ गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# प्रत्येक नागरिक के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली की वाहक बन रही गारंटी वैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/कोसली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वैन भारत को आत्मनिर्भर व विकसित बनाने के संकल्प के साथ देश के हर कोने तक पहुंच रही है। यह हर नागरिक के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली की वाहक बन रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद सोमवार को जिले के गांव मसानी, डूंगरवास, दखौरा, धवाना, मोहम्मदपुर, बखापुर, सूमाखेड़ा व भाकली में पहुंची और लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी। गांव मसानी व डूंगरवास में पीपीपी स्टेट कोर्डिनेटर डा. सतीश खोला, गांव दखौरा व भाकली में वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव, धवाना व सूमाखेड़ा में पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव, गांव मोहम्मदपुर में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सिंहराम महलावत तथा गांव बखापुर में पूर्व मंत्री जसवंत सिंह ने यात्रा का अभिनंदन किया।

### जनता का सीधे मिल रहा योजनाओं का लाभः वीर कुमार

वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव ने कहा कि मोदी की गारंटी वैन आत्मनिर्भर व विकसित भारत के संकल्प के साथ देश के हर कोने तक पहुंच रही है। यात्रा को लेकर जो जोश व उत्साह गांव-गांव में दिख रहा है, जोकि अपने आप में उल्लेखनीय व सराहनीय है। संकल्प यात्रा के माध्यम से जनता को सरकार की योजनाओं का फायदा सीधे मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा घर-घर जाकर जनता को योजनाओं से जोड़ रही है।जिला पार्षद सुरेंद्र माडिया, बिजेन्द्र डहीना संयोजक संकल्प यात्रा, भाजपा नेता पूर्व सरपंच सुरेंद्र यादव, प्रेम शर्मा डहीना, जयदीप शर्मा कंवाली, रूपेश जैनाबाद, शिवकुमार, एसईपीओ नरेश कुमार व प्रकाश पंच मौजूद थे।



रेवाड़ी। महिला को गैस कनेक्शन वितरित करते वीर कुमार व लोगों को शपथ दिलाते बिक्रम यादव।



लोगों को दिया योजनाओं का लाभ

फोटो :हरिभूमि

### वंचितों को मिल रहा योजनाओं का लाभः बिक्रम

*पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव ने कहा कि लोक कल्याण के लिए योजनाएं संचालित करना भर पर्याप्त नहीं होता, आवश्यक है कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक आसानी से और समय पर मिले। जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवी वर्ग सहित हर जागरूक नागरिक से आह्वान किया कि यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से मेहरूम व वंचित रहे पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का लाभ अवश्य दिलाएं। इस अवसर पूर्व जिला प्रमुख सुरेश देवी, संजय महामंत्री, राकेश मंडल अध्यक्ष डहीना, राजकुमार जलवा, बीडीपीओ अंकित चौहान, इंद्रराव मंडल अध्यक्ष जाटूसाना, सरपंच रोहताश, पूर्व सरपंच हरेंद्र, ईश्वर सरपंच कतोपरी, योगेश राव मीडिया प्रभारी, विक्रम ब्लॉक समिति मेंबर व हरीश चौहान उपस्थित थे।*

### ऑन द स्पॉट दिया मिल रहा का लाभः डा. खोला

*पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने कहा कि लाभार्थियों को सरकार की अंत्योदय योजनाओं का लाभ ऑन द स्पॉट दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान 3 लाभार्थियों को उज्जवला गैस कनेक्शन, 2 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, 5 बुजुर्गों की पेंशन बनाते हुए प्रमाण पत्र दिए गए, 7 बीपीएल कार्ड, 10 लाभार्थियों की आर्थिक स्थिति की जांच करने के लिए फील्ड विजिट, 14 आयुष्मान कार्ड, 70 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गई। पंचायत की ओर से अधूरे पीएचसी कार्य, मसानी बस स्टैंड के नाले की सफाई व 3 नई गलियों की मांग को लेकर मांग पत्र भी सौंपा गया। बीडीपीओ धारूहेड़ा कविता, मंडल अध्यक्ष मनोज सैनी, सत्यदेव यादव, कोऑर्डिनेटर वीबीएसवाई सुनील ग्रोवर, अजय कांटीवाल, रामपाल धारूहेड़ा व राजेश रसगण अध्यक्ष एससी मोर्चा मौजूद थे।*

### विभागीय प्रदर्शनी का किया अवलोकन

*कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों ने विभिन्न स्थानों पर लगाई गई विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, मेरा भारत स्वयं सेवकों के पंजीकरण के लिए स्टॉल, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टाल व ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए। सभी ने एक साथ मिलकर भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया।*

### वंचित व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना ध्येयः जसवंत

पूर्व मंत्री जसवंत सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वह अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।



रेवाड़ी। योजनाओं की जानकारी लेते लोग। फोटो :हरिभूमि

### आज आठ गांवों में दस्तक देगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**रेवाड़ी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के नोडल अधिकारी एवं एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल ने बताया कि 19 दिसंबर को चार प्रचार वाहन प्रातः 10 बजे व सायं 3 बजे गांवों में पहुंचकर लोगों को लाभांवित करेंगे। प्रचार वाहन नंबर-1 गांव जीतपुरा इस्तमुरार में प्रातः कालीन सत्र व फदनी में सायं कालीन सत्र, प्रचार वाहन नंबर-2 गांव चौकी नंबर-2 में प्रातः कालीन सत्र व चांदनवास में सायं कालीन सत्र, प्रचार वाहन नंबर-3 गांव अकबरपुर में प्रातः कालीन सत्र व गांव जाटूवास में सायं कालीन सत्र तथा प्रचार वाहन नंबर-4 कोसली गांव दीदौली में प्रातः कालीन सत्र व दड़ौली में सायं कालीन सत्र में पहुंचकर आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करेंगे।

### एचएसजीपीएस चुनाव के लिए मतदाता सूची का मसौदा हुआ प्रकाशित

**रेवाड़ी।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव के लिए मतदाता सूची का मसौदा सोमवार को प्रकाशित कर दिया गया है। एसडीएम होशियार सिंह ने बताया कि मतदाता सूची के प्रारूप की एक प्रति डीसी की आधिकारिक वेबसाइट रेवाड़ी जीओवी.इन पर भी उपलब्ध है और इसकी एक प्रति उपायुक्त, रिटर्निंग अधिकारी, तहसीलदार, पटवारी के कार्यालय और ऐसे क्षेत्र में स्थित प्रत्येक अधिसूचित सिख गुरुद्वारों में भी उपलब्ध है।

कोई भी सिख जो अपेक्षित योग्यता पूरी करता है और उसने अभी तक अपना नाम हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची में दर्ज नहीं कराया है, वह 18 दिसंबर से 3 जनवरी 2024 तक अपना नाम दर्ज कराने के लिए रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन कर सकता है।

# दीपोत्सव करके मनाया जाएगा श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर्व

- श्री राम मंदिर का कार्य किसी व्यक्ति विशेष का कार्य नहीं, अपितु प्रत्येक जनमानस का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

कस्बे के मेन बाजार स्थित प्राचीन श्रीशिव मंदिर में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए विश्व हिन्दू परिषद् ने बैठक का आयोजन किया। माधव बस्ती की बैठक में विश्व हिंदू परिषद् के संस्कृत आयाम के प्रांत प्रमुख डा. अश्विनी शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक लक्ष्मण सिंह चांगवाल व प्रांत प्रतिष्ठा कार्यक्रम के नगर संयोजक जितेन्द्र उपस्थित थे। संस्कृत आयाम के प्रांत प्रमुख डा. शर्मा ने सभी को अक्षत वितरण कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि श्री राम मंदिर का कार्य किसी व्यक्ति विशेष का कार्य नहीं, अपितु प्रत्येक जनमानस का कार्य है। आगामी एक जनवरी से 15 जनवरी तक अक्षत वितरण किए जाएंगे। प्रत्येक कार्यकर्त्ता घर-घर जाकर लोगों को निमंत्रण देंगे। 22 जनवरी को सम्पूर्ण कस्बे में दीपोत्सव आयोजित होगा। इस अवसर पर बस्ती संयोजक सुभाष, सह संयोजक राजेश सैन, देवेंद्र, धर्मपाल, धारूहेड़ा नगरपालिका चेयरमैन कंवर सिंह, उप चेयरमैन अजय जांगड़ा, पार्षद कृष्ण यादव आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। बैठक में कार्यक्रम की रुपरेखा बनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

# खंडस्तरीय कला उत्सव में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीएल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोल में सोमवार को खोल खंड की खंडस्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने शिक्षा विभाग की ओर से निर्धारित 10 विधाओं में उत्साह से भाग लिया और अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी संतोष तंवर, खंड संसाधन समन्वयक राकेश कुमार, प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह तथा राज्य व राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सत्यपाल सहित विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक व प्रभारी उपस्थित थे। सभी अध्यापकों ने शैक्षिक ज्ञान के साथ-साथ जीवन में कला के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रोत्साहित किया। निर्णायक मंडल की भूमिका पूजा यादव, हेमंत कुमारी, नीलम सेठी, अनुराधा, पारस, प्रवीण, मनोज व मीनाक्षी ने निभाई।

### विजेता विद्यार्थी जिलास्तर पर लेंगे भाग



रेवाड़ी। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

*यह रहे प्रतियोगिता के परिणामः प्रतियोगिता में नेहा रावमावि बूड़ौली, रमन रावमावि सीहा, प्रमीला रावमावि बूड़ौली, मनीष रावमावि नांगल जमालपुर, मोनिका रावमावि खोल, सचिन रावमावि खोल, सुमित रावमावि सीहा, यशवनी रावमावि खोल, गौरव रावमावि खोल, अर्जुन रावमावि सीहा, पूजा रावमावि खोल व भावना रावमावि खोल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खंड खोल का प्रतिनिधित्व करेंगे।*




## झांसी की गर्ल्स कैडेट्स ने सैनिक स्कूल का किया भ्रमण

*रेवाड़ी। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत सैनिक स्कूल झांसी उत्तरप्रदेश की नौ गर्ल्स कैडेट्स ने सैनिक स्कूल गोठड़ा का चार दिवसीय भ्रमण किया। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम व गतिविधियां आयोजित की गई। कैडेट्स ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर हरियाणा की संस्कृति, विरासत और रीति-रिवाजों को समझा तथा अपनी संस्कृति व परंपराओं को भी साझा किया। विद्यालय ग्रुप कैप्टन आर के यादव ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के माध्यम से एक राज्य के लोग दूसरे राज्य की संस्कृति और परम्पराओं का सही ज्ञान प्राप्त करेंगे तथा एक साथ जुड़कर एक-दूसरे की विरासत और धरोहर को बढ़ावा देंगे, जिससे देश की एकता और अखंडता मजबूत होगी। इस मौके पर समस्य सैनिक स्कूल स्टॉफ मौजूद था।*

# हिमांशु ने वीवीएम में पाया तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

विज्ञान एवं प्रायोगिकी संस्थान की ओर से आयोजित वीवीएम विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा में आरपीएस पब्लिक स्कूल कोसली के कक्षा-6 के छात्र हिमांशु लांबा ने राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल चेयरमैन श्रीभगवान यादव ने बताया कि विज्ञान प्रसार भारती प्रति वर्ष ऑल इंडिया स्तर पर विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा आयोजित करती है। केंद्रीय विद्यालय महेंद्रगढ़ में छात्र हिमांशु को दो हजार रुपये का चेक, स्मृति चिंह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन समिति ने भी छात्र को सम्मानित किया। प्राचार्या संजना, उप प्राचार्य सज्जन सिंह व कोऑर्डिनेटर नीरू ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



रेवाड़ी। छात्र को सम्मानित करते हुए विद्यालय स्टॉफ।

**कार्यक्रम** | मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, अभिनय में दिखी भारत की सांस्कृतिक एकता की झलक

- आर्केस्टा में बच्चों ने विभिन्न वाद्ययंत्रों से सुर मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में रंगबिरंगी पोशाकों में सजे बच्चों ने अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे। नृत्य, नाटक व गायन के त्रिवेणी संगम पर दर्शकों ने काफी लुत्फ उठाया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। गत रात्रि विद्यालय के मैदान में आयोजित वार्षिकोत्सव में बच्चों ने अभिनय, नृत्य एवं गायन में भारत की सांस्कृतिक एकता के दर्शन कराएं। मिले सुर मेरा तुम्हारा के नाम से आयोजित कार्यक्रम में कश्मीरी, पंजाबी, हरियाणवी, राजस्थानी, बिहु नृत्य व महुआ नृत्य के अलावा भरतनाट्यम व कत्थक जैसे शास्त्रीय नृत्यों की झलक दिखाई दी। कत्थक में एक साथ करीब 90 विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी। हास्य-व्यंग्य नाटक में सरकार व प्रशासनिक व्यवस्था में चमचों व चापलूसों को महत्व देने पर करारा व्यंग्य किया गया, वहीं मद्रासी, मराठी, बंगाली, पंजाबी, बिहारी, मारवाड़ी व हरियाणवी पात्रों ने दर्शकों को खूब हंसाया। आर्केस्टा में बच्चों ने विभिन्न वाद्ययंत्रों से सुर मिलाया। कार्यक्रम में अंकुर व प्रोडिजी स्कूल की प्रस्तुति भी सराहनीय रही। प्रबंधन समिति के प्रधान प्रदीप जैन, उप प्रधान राकेश जैन, सचिव अमित जैन, कोषाध्यक्ष सचिन जैन, प्रबंधक मोहित जैन, शासकीय निकाय सदस्य अनुज जैन, भारत जैन, प्रद्युमन जैन व पलका जैन ने मोदीनगर से आए मुख्य अतिथि सुशील व सुशीला जैन, दिल्ली से विशिष्ट अतिथि चरणजोत सिंह नंदा व सचिन जैन के साथ 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा ने प्रगति रिपोर्ट पेश की। मंच संचालन मीडिया एवं कार्यक्रम प्रभारी गोपाल शर्मा ने किया। इस मौके पर स्कूल के न्यूज लैटर का भी लोकार्पण किया गया। उप प्रधानाचार्या विजय गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।







रेवाड़ी। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए छात्राएं व अतिथियों का सम्मान करते हुए प्रबंधन समिति व कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि